# पीत–पत्र के बदले

U.O.I-122
30/7/18

ज्ञा०सं०-1170 वि०अभि० (उ०) विविध-11/2018

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।

विभागीय कार्यालय आदेश सं0–3724 दिनांक–17.07.2018 के आलोक में दिनांक–25.07.2018 से 26.07.2018 को पूर्वी चम्पारण एवं पश्चिमी चम्पारण के क्षेत्रों के कार्यों का समीक्षा किया गया है।

तदनुसार समीक्षा प्रतिवेदन संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

S0-2

अनु0:– यथोक्त।

30/7/18
(सोमेश कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
नगर विकास एवं आवास विभाग

3/8/18

प्रधान सचिव कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना
पत्र पंजी
31 JUL 2018
संख्या 8335

# नगर परिषद, मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)

दिनांक–25.07.2018 को नगर परिषद, मोतिहारी के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण किया गया, जिसकी स्थिति निम्नवत् हैः–

(1) **हर घर नल–जल निश्चय योजनाः–** मोतिहारी में जलापूर्ति का कार्य AMRUT योजना के तहत किया जा रहा है। AMRUT Phase-I के अन्तर्गत कार्य प्रगति पर है। स्थल निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि PHED Campus (हेनरी बाजार) में 1 OHT का कार्य प्रगति पर है तथा 3rd staging का कार्य चल रहा है। 3 Tubewell अधिष्ठापित है। दूसरे कार्य स्थल जो Block Campus में है, वहाँ पर OHT का staging का कार्य हो चुका है तथा Dome के लिए Shuttering का कार्य प्रारम्भ किया जा रहा था।

Phase-II के अन्तर्गत 7428 गृह जल संयोजन का प्रावधान है, परन्तु अभी तक मात्र 342 घरों में गृह जल संयोजन किया जा सका है। इसी प्रकार उक्त 2 जोन में कुल 56909 मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है, परन्तु वर्त्तमान में लगभग 8600 बिछाया जा सका है।

कार्य स्थल पर उपस्थित संवेदक के प्रतिनिधि को निदेश दिया गया कि वे पाईप लाईन बिछाने के साथ–साथ गृह जल संयोजन का कार्य करने के लिए worker gang की संख्या बढ़ायें।

Phase-II के अन्तर्गत एकरारनामा किया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता, बी0आर0जे0पी0 शिवहर में थे। फोन से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि Phase-II के अन्तर्गत 3 OHT एवं 7 Tubewell अधिष्ठापित करना है, जिसके लिए 4 work site की आवश्यकता है एवं वर्त्तमान में 1 work site ही मिल पाया है। तदनुसार उक्त work site के आलोक में network के लिए survey का कार्य किया जा रहा है।

अन्य 03 वांछित स्थानों के संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, मोतिहारी द्वारा बताया गया कि वे work site के लिए 29–30 जुलाई को कार्यपालक अभियंता बी0आर0जे0पी0, C.O मोतिहारी आदि के साथ संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार जिला पदाधिकारी, मोतिहारी से भी सम्पर्क कर बी0आर0जे0पी0 को work site उपलब्ध करने के लिए कार्रवाई की जायेगी।

(2) **गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजनाः–** नली–गली पक्कीकरण निश्चय योजना के अन्तर्गत मोतिहारी नगर परिषद में कुल 5656 घरों को इस योजना से आच्छादित करना है। वर्ष 2016–17 से अब तक 92 योजनाओं में से 57 योजनाएँ पूर्ण हो गई है तथा कुल लक्ष्य 5656 घरों के विरूद्ध 1298 घरों को आच्छादित किया गया है, जो मात्र लगभग 23% है।

योजनाओं की पूर्णता संख्या के अनुपात में घरों को आच्छादित करने संबंधी प्रतिवेदन सही प्रतीत नहीं हो रही है, तदालोक में निदेश दिया गया कि पूर्ण योजनाओं से घरों का आच्छादन की संख्या का सही आकलन कर प्रतिवेदित करें।

इस योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0–27 के अन्तर्गत 1 योजना का स्थल निरीक्षण किया गया। इस योजना में पथ का ढ़लाई कार्य लगभग 4–5 दिन पहले पूर्ण हुआ है। प्रथम दृष्टया पथ एवं नाला का कार्य संतोषप्रद है तथा पथ पर जल–जमाव नहीं पाया गया। मोतिहारी नगर परिषद (दो वार्ड) वार्ड नं0–20 एवं 36 इस योजना से पूर्णतः आच्छादित हो चुके है।

(3) **स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय निर्माण):–** कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, मोतिहारी द्वारा बताया गया कि वार्ड नं0–05, 06 एवं 08 इस योजना से पूर्णतः आच्छादित है, तदनुसार निदेश दिया गया कि इन वार्डों को ODF घोषित करने हेतु शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करें।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मोतिहारी नगर परिषद का संशोधित लक्ष्य 2054 परिवार है, जिसमें से 891 परिवार के पास अपनी जमीन है तथा 1163 परिवार भूमिहीन है तथा बिहार सरकार एवं बेतिया राज के जमीन पर अतिक्रमित रूप से रह रहे है।

जिन 891 परिवार के पास अपनी जमीन है उनमें से 854 परिवार का प्रथम किस्त दी जा चुकी है एवं इनमें से 621 परिवादर को द्वितीय किस्त भी दी जा चुकी है।

वार्ड नं0–35 में 12 सीट का मॉडल सामुदायिक शौचालय के रूप में कुल 72 सीट का सामुदायिक शौचालय बना हुआ पाया गया, जिसे 15 अगस्त को लाभुकों को Handover कर दिया जायेगा।

वार्ड नं0–17 में 24 सीट सामुदायिक शौचालय एवं वार्ड नं0–21 में 12 सीट सामुदायिक शौचालय बना हुआ पाया गया। वार्ड नं0–36 में 12 सीट का सामुदायिक शौचालय का कार्य प्रगति पर पाया गया, इसके Handover के बाद वार्ड नं0–36 भी ODF हो जायेगा।

(4) **सबके लिए शहरी आवास योजना:–** इस योजना के अन्तर्गत Phase-I में 248 आवास स्वीकृत है, जिसमें से 161 को प्रथम किस्त, 115 द्वितीय किस्त, 44 तृतीय किस्त तथा 15 completion certificate है।

Phase-II के अन्तर्गत 285 घर स्वीकृत है तथा 278 का MIS Entry हो चुका है। 78 लाभुकों की जाँच की जा चुकी है तथा कार्य आवंटन देने की प्रक्रिया की जा रही है।

वार्ड नं0–16 में HFA योजना का निरीक्षण कियागया, जिसमें लाभुक रामबाबू सिंह का घर पूर्ण है, परन्तु अभी Plaster एवं Paint नहीं हुआ है। इन्हें तृतीय किस्त मिल

चुका है। लाभुकों को शीघ्र Plaster एवं Paint का काम करने का अनुरोध किया गया है।

वार्ड नं0–16 में ही लाभुक सत्यनारायण साह को भी तृतीय किस्त मिल चुका है, परन्तु दरवाजा, प्लास्टर, पेन्ट आदि नहीं हुआ है। लाभुक के द्वारा 2 महीना में सभी कार्य पूर्ण कर लेने का आश्वासन दिया गया है।

(5) **AMRUT योजनान्तर्गत पार्क निर्माणः–** AMRUT योजनान्तर्गत विवेकानन्द पार्क का निर्माण कार्य चल रहा है। इस कार्य की समाप्ति अवधि 27.08.2018 है, परन्तु अभी तक बाउण्ड्री वॉल निर्माण का भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। कार्य की प्रगति धीमी है।

पार्क में लगने वाले Children Planing playing equipment एवं GYM equipments के संबंध में GEM PORTAL से क्रय करने का निदेश दिया गया।

(6) **NULM:–** मोतिहारी में 1 आश्रय स्थल कार्यरत्त है। जिसे माता लक्ष्मी सहकारी समिति द्वारा संचालित किया जा रहा है। मोतिहारी में Vending Zone का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, हालांकि एकरारनामा किया जा चुका है।

मोतिहारी नगर परिषद क्षेत्र में कुल 1880 चिन्हित vendors में से 223 vendors को I.D Card दे दिया गया है एवं अन्य 356 vendors का I.D Card बनाने के लिए Project Mangement consultant को details भेज दिया गया है। PMC के टीम लीडर ने अगले हफ्ते तक उक्त 356 लोगों का I.D Card तैयार कर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

## पश्चिमी चम्पारण

दिनांक–26.07.2018 को नरकटियागंज नगर परिषद की समीक्षा एवं योजनाओं का निरीक्षण किया गया।

(1) **हर घर नल–जल निश्चय योजनाः–** नरकटियागंज नगर परिषद में कुल 25 वार्ड है, जिसमें 2 वार्ड रेलवे वार्ड है।

नल–जल निश्चय योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 8 वार्डों के लिए 4 योजना ली गई है, जिसमें से 3 निविदा निस्तार हुआ है। 1 योजना का एकरारनामा की कार्रवाई की जा रही है तथा 2 योजना का वित्तीय बिड digital signature प्राप्त करने के बाद खोला जायेगा।

1 योजना की निविदा दिनांक–01.08.2018 प्रकाशन हेतु भेजा जायेगा।

शेष वार्डों में नल–जल योजना हेतु बोरिंग स्थल को चिन्हित किया गया है तथा NOC प्राप्त करने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही pipe network के लिए survery भी किया जा रहा है।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पूर्व पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा इस योजना के क्रियान्वयन में काफी शिथिलता बरती गई है।

(2) **गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजनाः–** इस निश्चय योजना के अन्तर्गत अभी तक कुल 103 योजनाओं ली गई है, जिसमें से 81 योजना ई0निविदा के माध्यम से तथा 22 योजना विभागीय रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है। निविदित 81 योजना में से 62 योजना पूर्ण है तथा 22 विभागीय योजनाओं में से 19 योजना पूर्ण है। इस प्रकार 103 योजनाओं में से कुल 81 योजनाएँ पूर्ण हो चुकी है। परन्तु इन योजनाओं से आच्छादित घरों की संख्या मात्र 610 ही प्रतिवेदित की जा रही है। निदेश दिया गया कि पूर्ण योजनाओं में से आच्छादित घरों का सही आकलन कर विभाग को प्रतिवेदित किया जाय।

वार्ड नं0–01 एवं वार्ड नं0–08 में नली–गली की 1–1 योजना का निरीक्षण किया गया। योजना पूर्ण एवं प्रथम दृष्टया संतोषप्रद पाई गई है। इस योजना से काई भी वार्ड अभी तक पूर्णतः आच्छादित नहीं है।

(3) **स्वच्छ भारत मिशन (शौचालय निर्माण):–** इस नगर परिषद में कुल संशोधित लक्ष्य 1778 है, जिनमें से 804 परिवार के पास अपनी भूमि है। उन 804 परिवार में से सभी को प्रथम किस्त दे दिया गया है, परन्तु 317 परिवार को ही द्वितीय किस्त दिया गया है।

वार्ड नं0–24 में एक लाभुक नुरैन शेख एवं भरत लाल पासवान का शौचालय बना हुआ पाया गया। इन दोनों को द्वितीय किस्त प्राप्त हो चुका है।

वार्ड नं0–25 में लाभुक रामलाल चौधरी को प्रथम किस्त ही प्राप्त हुआ है एवं शौचालय निर्माण का कार्य चल रहा था। नरकटियागंज नगर परिषद में वार्ड नं0–15, 17, 18 एवं 21 पूर्णतः आच्छादित है तथा ODF घोषित करने की कार्रवाई की जा रही है।

इस नगर निकाय में 974 परिवार ऐसे है, जिनके पास अपनी जमीन नहीं है। उनके लिए सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु 6 स्थान चिन्हित कर लिये गये है, जिस पर कुल 96 सीट उपलब्ध कराया जायेगा। अन्य 13 स्थल और चिन्हित किये गये है, जिसपर NOC आदि प्राप्त करने की कार्रवाई किया जाना है, इस 13 स्थानों पर कुल 156 सीट शौचालय बनाया जायेगा।

शेष परिवारों के लिए Mobile Toilet का क्रय GEM PORTAL से करने का निदेश दिया गया।

(4) **सबके लिए शहरी आवास योजनाः–** इस योजना के Phase-I में 362 घरों के निर्माण की स्वीकृति थी, जिसमें से मात्र 20 लाभुक ही योग्य पाये गये। उक्त 20 लाभुकों में 12 लाभुक को तृतीय किस्त दिया गया है तथा शेष 8 को द्वितीय किस्त ही

दिया गया है। वार्ड नं0–1 में लाभुक किशोर साह जिन्हें III किस्त दिया गया है, उनका घर पूर्ण है, परन्तु पेन्ट आदि का कार्य बाकी है।

एक अन्य लाभुक साधु पासवान जिन्हें II किस्त तक ही मिला है, उनके घर का भी छत ढ़लाई हो चुका पाया गया।

Phase-II के अन्तर्गत 145 घरों के निर्माण किया जाना है, जिसका MIS Entry किया जा चुका है तथा verification कर कार्यादेश निर्गत करना है, जिसे शीघ्र करने का निदेश दिया गया।

उल्लेखनीय है कि HFA के Phase-I के अन्तर्गत कुल 2,20,82,000/– राशि उपलब्ध करायी गई थी। परन्तु मात्र 20 लाभुक ही योग्य पाये जाने के कारण काफी बड़ी राशि अव्यवहृत है, जिस पर विभागीय निदेश अपेक्षित है।

(5) **Outfall Drain:–** कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नरकटियागंज द्वारा बताया गया कि नगर निकाय को जल–जमाव से बचाने हेतु Outfall drain निर्माण हेतु योजनाओं को चिन्हित किया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता
बिहार शहरी विकास अभिकरण
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।